(16) "वार्षिक मूल्य" से तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140 मे निर्दिष्ट वार्षिक मूल्य से है। जिसमे आवासीय या अनावासीय भूमि के प्रति वर्गफुट किराये की मासिक दर मे नियमावली द्वारा निर्धारित किये जाने वाले गुणक से गुणा करके निकालने पर निकाले गये मूल्य का 12 गुणा जो भवन के सन्निर्माण की प्रकृति भारतीय स्टाम अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा निर्धारित क्षेत्रीय दर और ऐसे भवन व भूमि के लिए क्षेत्र में किराये के लिए लागू वर्तमान दर और ऐसे अन्य कारको के आधार पर और ऐसे ढग में जैसा की विहित किया जाये, प्रत्येक दो वर्ष मे एक बार निर्धारित की जाय।

(17) "अच्छादित क्षेत्रफल" से तात्पर्य कुर्सी के उपर निर्मित भवन के प्रत्येक तल के कुल आच्छादित क्षेत्र से है।

(18) "कार्पेट एरिया" से तात्पर्य अधिनियम की धारा 140 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण 1 में निर्दिष्ट कार्पेट एरिया से है। कार्पेट एरिया की गणना।

(19) "मुख्य मार्ग" से तात्पर्य निकाय क्षेत्र के प्रमुख मार्ग जिनकी चौड़ाई दस फुट से अधिक हो जबकि "अन्य मार्ग" से तात्पर्य जिनकी चौडाई दस फुट से कम हो। मार्ग की चौडाई मार्ग के दोनो ओर स्थित सरकारी नाली/नाला की बीच की दूरी से है।

2–कार्पेट एरिया वार्षिक मूल्य (ए0आर0बी0) Annual Rental Value

(क) अधिनियम की धारा 140 (1) खण्ड क के अनुसार वार्षिक मूल्य से तात्पर्य इस नियमावली के अनुसार नियत आवासीय एवं अनावासीय भवनों के प्रति वर्ग फुट मासिक किराये की दर में नियमों द्वारा नियत किये जाने वाले गुणक से गुणा करने पर प्राप्त का 12 गुणा मूल्य से है।

वार्षिक मूल्य=आवासीय/अनावासीय क्षेत्र का कार्पेट एरिया x निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल का मासिक किराया दर x 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल **X** निर्धारित प्रति इकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया दर x 12 का 80 प्रतिशत वार्षिक मूल्य वार्षिक मूल्याकन (ए0आर0बी0) के निर्धारण हेतु प्रति वर्ग फुट मासिक किराया की दरे अधिनियम की धारा 140 मे दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत की जायेगी। वार्षिक मूल्य की गणना हेतु कार्पेट एरिया की गणना निम्नानुसार की जाएगी।

(1) कमरे		आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप
(2) आच्छादित बरामदा		आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।
(3) बालकनी, कारीडोर, रसोई व भण्डार	–	आन्तरिक आयाम की 50 फीसदी माप
(4) गैराज		आन्तरिक आयाम की 1/4 माप।
(5) स्नानगृह, शौचालय, द्वार मण्डप और जीने से अच्छादित क्षेत्र		कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

अथवा

कारपेट एरिया–आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत भाग

(ख) "भवन/भूमि" पर कर के निर्धारण का सम्बन्ध केवल सार्वजनिक प्रयोजनार्थ कर के अधिरोपण से है न कि किसी प्रकार के स्वामित्व निर्धारण से है करारोपण हेतु एक सर्वेक्षण करवाया जायेगा, जिसमे आवासीय और व्यावसायिक भवनो को पृथक-पृथक सख्या आवटित की जायेगी। यदि कोई भवन/सम्पत्ति आवासीय है तो उसको R-1, R-2 ...तथा यदि भवन/सम्पत्ति व्यवसायिक है तो उसे C-1, C-2,. आदि डाली जायेंगी और यदि भवन मिश्रित है तो उसे CR-1, CR-2 .... संख्या डाली जायेगी।

(ग) यदि भवन या भूमि में संयुक्त रूप से कई पक्षकार है तो आपसी सहमति से आवासीय भवनों/सम्पत्ति की नम्बरिंग R-1/1, R-1/2 .....व्यवसायिक भवन है तो C-1/1, C-1/2.. तथा मिश्रित भवनो हेतु CR-1/1, CR-1/2.....

(घ) भवनों/सम्पत्ति का पूर्ण विवरण निर्धारण प्रपत्र "क" पर भरकर नगर पचायत दोहरीघाट, मऊ के कार्यालय मे जमा किया जायेगा। यदि भविष्य मे भवन का विस्तार या उसके प्रयोग मे कोई परिवर्तन होता है तो उसका विवरण प्रपत्र "ख" में भरकर नगर पंचायत, कार्यालय दोहरीघाट में जमा किया जायेगा। यदि भविष्य में भवन का विस्तार या उसके प्रयोग मे कोई परिवर्तन होता है तो उसका विवरण प्रपत्र "ख" मे भरकर नगर पचायत, दोहरीघाट कार्यालय में जमा किया जायेगा। प्रपत्र "क" व "ख" नगर पचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकेगा।

3–कर की दर-(क) कर का निर्धारण प्रमुख मार्गों जिनकी चौडाई दस फुट से अधिक तथा अन्य मार्गों जिनकी चौडाई दस फुट से कम होगी, के आधार पर निम्न सूचियों मे उल्लिखित प्रति वर्गफुट मूल्य के वार्षिक मूल्य के अनुसार किया जायेगा।

प्रमुख मार्गों (दस फुट से अधिक चौड़ाई) पर स्थित सम्पत्तियों हेतु कर की दर

क्र0	प्रमुख मार्ग पर स्थित सम्पत्ति	आवासीय क्षेत्र (मूल्य प्रतिवर्ग फुट रु0 मे)			वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रतिवर्ग फुट रु0 में)	प्लाट/खाली प्लाट (मूल्य प्रति वर्ग फुट रु0 में)
		पक्का	अर्द्ध पक्का	कच्चा		
1	2	3	4	5	6	7
		रु0	रु0	रु0	रु0	रु0
1	लाहावरी माता मदिर तिराहा से आजमगढ मेन रोड पर नगर पचायत सीमा तक।	0 50	0 40	0 30	0.90	0 35
2	लाहावरी माता मदिर तिराहा से सब्जी मण्डी होते हुए रसलोक स्वीट्स तक।	0 50	0 40	0 30	0.90	0 35
3	विजय चौक से पुलिस चौकी तक	0.50	0.40	0.30	0.90	0.35
4	पुलिस चौकी से वसुन्धरा स्वीट्स होते हुए मऊ के रोड पर नगर पचायत सीमा तक।	0 50	0 40	0 30	0.90	0 35
5	पुलिस चौकी से जीवन धारा हास्पिटल होते हुए गोरखपुर रोड पर नगर पचायत सीमा तक।	0 50	0 40	0 30	0.90	0 35

अन्य सहायक मार्गों पर स्थित सम्पत्तियों हेतु कर की दर

क्र0	मार्ग की चौड़ाई 6 फुट से 10 फुट के बीच					मार्ग की चौडाई 5 फुट से कम				
	आवासीय			वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग फुट रु0 में)	प्लाट/खाली प्लाट (मूल्य प्रतिवर्ग फुट रु0 में)	आवासीय			वाणिज्यिक क्षेत्र (मूल्य प्रति वर्ग फुट रु0 में)	प्लाट/खाली प्लाट (मूल्य प्रतिवर्ग फुट रु0 में)
	पक्का	अर्द्ध पक्का	कच्चा			पक्का	अर्द्ध पक्का	कच्चा		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
				रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0
1	0.35	0.25	0.15	0.65	0.10	0.25	0.20	0.15	0.50	0.05

(ख) (1) सडकों की चौडाई के संबंध में कोई भी विवाद होने पर अधिशासी अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

(2) गृहकर वार्षिक मूल्य का दस प्रतिशत तथा जलकर वार्षिक मूल्य का 5 प्रतिशत होगा जिसे प्रत्येक दूसरे वर्ष अधिशासी अधिकारी द्वारा दस प्रतिशत बढाया जायेगा। दस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि निकाय बोर्ड की स्वीकृत के उपरान्त की जा सकेगी।

(3) जिस सम्पत्ति के वार्षिक मूल्याकन के मूल्य का 5 प्रतिशत रु0 360.00 से अधिक होगा, उस पर ही जलकर देय होगा। यदि सम्पत्ति के वार्षिक मूल्याकन के मूल्य का 5 प्रतिशत रु0 360.00 से कम है तो उस पर जल मूल्य देय होगा।

(4) जब कभी भवन स्वामी द्वारा अध्यासित भवन को किराये पर दिया गया हो या किराये से वापस अपने अध्यासन से लिया गया हो, जो इसके 03 माह के अन्दर प्रपत्र "ख" में ही पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

(5) जब कभी भवन के कार्पेट एरिया/भूमि के क्षेत्रफल अथवा दोनो मे कोई परिवर्तन या परिवर्धन किया जाता है तो उसके 03 माह के अन्दर यथास्थिति भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा प्रपत्र "ख" में की पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

4–वार्षिक मूल्यांकन में कमी/वृद्धि–वार्षिक मूल्यांकन में कमी या वृद्धि इस प्रकार से होगी

(क) स्वतः अध्यासित भवनों के लिये छूट–

[1] 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

[2] 10 वर्ष से 20 वर्ष तक भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 32.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

[3] 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन में 40 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

नोटः–व्यवसायिक/औद्योगिक भवन/भूमि होने की दशा मे कोई छूट अनुमन्य नहीं होगी।

(ख) किराये पर उठाये गये आवासीय भवनो के वार्षिक मूल्यांकन मे वृद्धिः–

[1] 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्याकन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

[2] 10 वर्ष से 20 वर्ष के अधिक पुराने भवनो के वार्षिक मूल्याकन में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी

[3] 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनो के वार्षिक मूल्याकन मे कोई वृद्धि नहीं होगी तथा इसे आगणित वार्षिक–मूल्याकन के बराबर समझा जायेगा।

(ग) निम्नलिखित सम्पत्तियॉ करो के उद्ग्रहण से मुक्त होगी

[1] मृतको के निस्तारण से सम्बन्धित प्रयोजन के लिए अनन्य रूप से प्रयुक्त भवन या भूमि।

[2] भवनों और भूमि या उनके भाग जिनका अधिभोग और उपभोग अनन्य रूप से सार्वजनिक पूजा के लिए किया जाता हों।

[3] भवन, जिनका उपयोग, अनन्य रूप से विद्यालय या इण्टरमीडिएट कालेज के रूप में किया जाता हो, चाहे वे राज्य सरकार द्वारा मान्यता हो अथवा न हो।

[4] प्राचीन सस्मारक परीक्षण अधिनियम, 1904 में यथा परिभाशित प्राचीन सस्मारक जो किसी ऐसे संस्मारक के सम्बन्ध मे राज्य सरकार के किसी निर्देश के अध्याधीन हो।

[5] किसी स्वामी द्वारा अध्यासित भवन जो 30 वर्गमीटर या 322.8 वर्गफुट की माप वाले तथा 15 वर्गमीटर तथा 161.4 वर्गफुट तक कारपेट क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड पर निर्मित हो, उसके स्वामी के स्वामित्व में नगर पचायत दोहरीघाट मे सीमा के अन्तर्गत कोई अन्य भवन/भू-खण्ड न हो वार्षिक मूल्य की गणना नहीं की जायेगी, कर से मुक्त होगी।

[6] समस्त भवन एव सम्पत्ति जो नगर पचायत दोहरीघाट, मऊ के स्मामित्व मे हों।

नोटः–(1) उक्त सम्पतियो मे यदि अन्य व्यावसायिक कार्य किया जाता है तो तद्नुसार उस पर कर का निर्धारण एवं उद्ग्रहण किया जायेगा।

(2) रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम, 1972 के अधीन आने वाले आवासीय भवन जो नगर पचायत दोहरीघाट, मऊ के सीमान्तर्गत है उसके किराये का निर्धारण उक्त अधिनियम के बजाय उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 के प्राविधानो के अनुसार किया जायेगा तथा ऐसे भवनों के करों की देयता अब किरायेदार की होगी।

5–"कर की देयता"–

(क) गृहकर की देयता वार्षिक होगी अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी। यदि कर की धनराशि अधिक जमा कर ली गई है तो जॉचोपरान्त अधिक जमा की गई धनराशि की वापसी किसी भी दशा में नहीं की जायेगी। उक्त धनराशि का समायोजन अगले वित्तीय वर्षों मे किया जायेगा।

(ख) स्वामी या अध्यासी पर कर की देयता अग्रिम होगी जिसे प्रत्येक दशा मे 31 मार्च के पहले जमा करना होगा। दिसम्बर तक अग्रिम कर जमा करने पर निकाय बोर्ड, कर मे छूट दे सकेगी जिसमे अधिशासी अधिकारी क्षेत्रवार कैम्प लगाकर कर की वसूली कर सकेगा। परन्तु वित्तीय वर्ष की समाप्ति (31 मार्च) तक करों का भुगतान न होने की

दशा मे गत वर्ष के गृहकर के चालू मॉग पर 10 प्रतिशत सरचार्ज देय होगा, जो 01 अप्रैल से लागू होगा। परन्तु जिन सम्पत्तियों के वार्षिक मूल्यांकन में विवाद या किसी प्रकार के न्यायालयी विवाद के लम्बित रहने की दशा में विशेष परिस्थितियों में अधिशासी अधिकारी सरचार्ज मे छूट प्रदान कर सकता है।

(ग) जिन भवनों/व्यापारिक भवनों में किरायेदार और सर्वे में भवन स्वामी का पता नही चलता है तो ऐसे भवनो के किरायेदार/अध्यासी को ही गृहकर का भुगतान करना होगा परन्तु करो के भुगतान से उसका स्वामित्व सिद्ध नहीं होगा।

(घ) यदि एक ही घर में कई परिवार या हाउस होल्ड हैं तो आपसी सहमति से वे अलग-अलग कर दे सकेगें जिसका निर्धारण नियमावली के बिन्दु संख्या-2 के कार्पेट एरिया व वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा।

(ड) यह कि नगर पचायत बोर्ड की ओर से अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी जैसी भी परिस्थिति हो नगर पालिका अधिनियम की धारा 158 (1) (2) के अन्तर्गत पत्र भेजकर किसी भवन/भूमि स्वामी को उसकी सम्पत्ति आदि के बारे मे विवरण प्रस्तुत करने तथा अन्य दस्तावेज मागने व प्राप्त करने का अधिकार होगा।

6–सम्पत्ति को दर्ज करने व सम्पत्ति के हस्तानान्तरण के सम्बन्ध में उपबंधः–

(क) कोई भी व्यक्ति किसी भी समय किसी भी भवन या भूमि पर अपना नाम अध्यासी अथवा स्वामी के रूप मे (पर्याप्त साक्ष्य के साथ) अकित कराना चाहता है तो उस निर्धारित प्रपत्र "क" पर आवेदन करना होगा और यदि उसके नाम के सम्बन्ध में कोई आवेदन निरस्त करने हेतु विचाराधीन है तो उसका उल्लेख लिखित रूप में किया जायेगा। अन्यथा उसके बाद कर सूची में आवेदन के अनुसार नाम कर निर्धारण सूची में अकित कर दिया जायेगा।

(ख) यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी की मृत्यु हो जाती है तो उसके वारिस का सम्पूर्ण बकाये कर के भुगतान के साथ मृत्यु के दिनाक से तीन माह के भीतर इसकी लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा ताकि करारोपण उनके वारिसो पर किया जा सकें। परन्तु यदि भवन अथवा भूमि जिस पर कर आरोपित है स्वामित्व विक्रय पत्र के आधार पर हस्तानान्तरित होता है तो स्वत्व सस्था ऐसे हस्तानान्तरण के तीन माह के अन्दर उसकी सूचना प्रेषित करना अनिवार्य होगा। ऐसे प्रकरण में विक्रय विलेख के बाजारी मूल्य के अनुसार नामान्तरण हेतु शुल्क निम्नवत् होगा

(1) रु0 1 00 से 1,00,000 00 बाजारी मूल्य तक' 200 00
(2) रु0 1,00,001 00 से 2,00,000.00 बाजारी मूल्य तक–300 00
(3) रु0 200,001.00 से 3,00,000.00 बाजारी मूल्य तक–500.00
(4) रु0 3,00,001 00 से 5,00,000.00 बाजारी मूल्य तक–1,000 00
(5) रु0 5,00,001 00 से 1,50,0000 00 बाजारी मूल्य तक 1,500 00
(6) रु0 15,00,001 00 से अधिक बाजारी मूल्य पर 2,500 00

(ग) गृहकर पजिका मे नामान्तरण अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

नोटः–यदि किसी भवन/भूमि का क्रेता या उत्तराधिकारी तीन माह के अन्दर नामान्तरण हेतु सूचना देने में असफल रहता है तो तीन माह के बाद प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करते समय उपरोक्तानुसार निर्धारित फीस के साथ-साथ विलम्ब शुल्क रु0 500 00 देय होगा। नगर पचायत दोहरीघाट, मऊ की ओर अधिशासी अधिकारी जैसी भी परिस्थिति हो नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 158(1)(2) के अन्तर्गत पत्र/कर्मचारी भेजकर किसी भवन/भूमि के स्वामी का उसकी सम्पत्ति के विवरण के दस्तावेज माग सकेगा

7–शास्तिः–

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत दोहरीघाट, मऊ यह निर्देश देती है कि

(1) उपर्युक्त नियमावली के किसी भी नियम का उल्लघन करना दण्डनीय अपराध होगा जिसके जुर्माने की सीमा रु0 1,000 00 (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकती है और यदि उल्लघंन जारी रहे तो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनाक के पश्चात् से प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे मे ये सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, अतिरिक्त जुर्माना किया जा सकता है कि रु0 25 00 (पच्चीस रुपये मात्र) प्रतिदिन हो सकता है।

(2) कार्पेट एरिया में 10 प्रतिशत या उससे अधिक के परिवर्तन होने पर या प्रयोग बदलने पर (निर्माण पूर्ण होने या प्रयोग बदलने के तीन माह के भीतर) स्वामी/अध्यासी को निर्धारित प्रारूप "ख" पर सूचना देनी होगी। ऐसा करने में असमर्थ पाये जाने पर रु0 1,000 00 (रु0 एक हजार) का अर्थदण्ड देय होगा।

(3) निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वामी/अध्यासी द्वारा विवरण न प्रस्तुत किये जाने पर रु0 1,000 00 (रु0 एक हजार) का अर्थदण्ड देना होगा।

(4) नियम–7 के उपनियम 1, 2 व तीन के अधीन शास्तियों का प्रशमन अधिशासी अधिकारी अथवा उसके द्वारा इस निमित प्राधिकृत किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा शारित के अधिकतम धनराशि के एक तिहाई से अन्यून तथा आधे से अनाधिक धनराशि पर किया जा सकेगा मे निर्दिष्ट किसी बात के होते हुए।

प्रपत्र "क"

सम्पत्ति कर स्व निर्धारण प्रपत्र

i. स्वामी/अध्यासी का नाम.....

ii. स्वामी/ अध्यासी के पिता का नाम.....

iii. भवन/मकान भू-भाग पर स्थित.....

iv. किसी भी व्यक्ति का नाम हो तो.....

v. अगर भवन पर नाम नही हो तो.....

vi. स्वामी/अध्यासी का स्थाई पता.....

2 निम्नलिखित का भवन सम्बन्धी ब्यौरा.....

i. समस्त कमरो और आच्छादित बरामदों का पूर्ण आतरिक आयाम (वर्ग फुट में).....

ii. समस्त बालकनी, कारीडोर, रसोई और भण्डार गृह का आंतरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप (वर्ग फुट में).....

iii. समस्त गैराज का आतरिक आयाम की एक चौथाई माप (वर्ग फुट में).....

टिप्पणी:–स्नान गृह, शौचालय पोर्टिको और जीने द्वारा आच्छादित क्षेत्र कारपेट एरिया का भाग नही होगा

3 भवन का कारपेट एरिया (वर्ग फुट में) =(i)+1/2 (ii) +1/4 (iii) वर्ग फुट

4 (i) भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भवन निर्मित है (वर्ग फुट में).....

(ii) भूमि का क्षेत्रफल यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो (वर्ग फुट में). .....

5 (अ) भवन अवस्थित है

1 दस फुट से अधिक चौडाई भूमि (नियम 3) क्र0सं0 1 से 7 तक ( )

2. दस फुट से अधिक चौडाई मार्ग पर नियम 3 क्र0स0 8 ( )

3. 6 फुट से 10 फुट के बीच मार्ग पर ( )

4. 5 फुट से कम चौडे मार्ग पर ( )

(ब) भवन के निर्माण की प्रकृति .

1 पक्का भवन, आर सी सी छत या आर0बी0बी0सी0 छत सहित ( )

2. अन्य पक्का भवन ( )

3 कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन तो (1) और (2) से आच्छादित नही है। ( )

(स) भूमि (यदि भूमि पर कोई भवन निर्मित नही है) अवस्थित है।

1 दस फुट से अधिक चौडाई भूमि नियम 3 क्र0स0 1 से 5 तक ( )

2. दस फुट से अधिक चौडाई मार्ग पर नियम 3 क्र0स0 4 ( )

3 6 फुट से 10 फुट के बीच मार्ग पर ( )

4. 5 फुट से कम चौडे मार्ग पर ( )

टिप्पणी : कृपया उपर्युक्त 1, 2, 3 या 4 के खाने मे जो भी सही हो उसमें सही का निशान लगायें।

6–भवन स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है। कृपया उनमें से किसी एक का उल्लेख करें।

टिप्पणी : यदि वह एक वर्ष से कम की अवधि से खाली है तो उसे स्वामी द्वारा अध्यासित समझा जायेगा यदि वह एक वर्ष से अधिक की अवधि से खाली है तो उसे खाली उल्लिखित किया जायेगा।

7 भवन के निर्माण वर्ष.....

8–(1) अधिशासी अधिकारी द्वारा भवन के लिये निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर.....प्रति वर्ग फुट।

(2) अधिशासी अधिकारी द्वारा भूमि के लिये निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो रु0.....प्रति वर्ग फुट।

9–(1) भवन का वार्षिक मूल्य – 12 x अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित किराये की न्यूनतम मासिक दर x भवन कारपेट एरिया मूल्य = 12x8 (i)x भवन का कारपेट एरिया (3)

या

12 x अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर x आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत

(2) भूमि का वार्षिक मूल्य यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो =12x अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर x भूमि का क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत = 12x8 (ii)x4(ii)

10–(1) भवन का सामान्य गृहकर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य x सामान्य गृहकर दर/100

(2) भवन का जलकल = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य x जलकर दर/100

(3) भवन का निस्तारण कर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य x जल निस्तारण दर/100

(4) भवन का स्वच्छता कर = यथा अवधारित वार्षिक मूल्य x स्वच्छता की दर/100

11–भूमि पर सामान्य कर यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो मे –9(ii) में यथा उल्लिखित वार्शिक मूल्य x सामान्य कर दर/100

12–अधिशासी अधिकारी द्वारा कर करने के लिये निर्धारित नियत दिनाक.....

13–जमा किये गये कर का विवरण :–

क्र0सं0	कर	बकाया	वर्तमान कर	योग	महायोग	जमा कर की रसीद संख्या व दिनांक
1	गृहकर					
2	जलकर					

सत्यापन

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि स्वमूल्याकन कर विवरण में प्रस्तुत किये गये ब्यौरे जहा तक मेरी जानकारी और विश्वास है ठीक और पूर्ण है। उक्त मूल्याकन मात्र कर सचय हेतु किया जा रहा है जिसका स्वामित्व से कोई सम्बन्ध नहीं है।

दिनाक.....

अभिस्वीकृति

अनुप्रमाणक साक्षी
हस्ताक्षर.....
पिता/माता का नाम.....
पूरा पता.....

हस्ताक्षार.....
नाम.....
पिता/माता का नाम.....
पूरा पता.....

नोट : प्रपत्र क, ख भवन स्वामी के प्राप्ति की तिथि से 15 दिवस के अन्दर वाछित सूचना भरकर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कराये, अन्यथा विभाग द्वारा प्रपत्र ख भरकर आपके भवन का कर निर्धारण कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वय आपकी होगी।

प्रपत्र "ख"

सम्पत्ति कर स्व निर्धारण प्रपत्र

1

(i) स्वामी/अध्यासी का नाम.....

(ii) स्वामी/ अध्यासी के पिता का नाम.....

(iii) भवन/मकान भू-भाग पर स्थित.....

(iv) किसी भी व्यक्ति का नाम हो तो. ....

(v) अगर भवन पर नाम नहीं हो तो.....

(vi) स्वामी/अध्यासी का स्थाई पता.. ....

2–निम्नलिखित का भवन सम्बन्धी ब्यौरा.. ....

(i) समस्त कमरो और आच्छादित बरामदों का पूर्ण आतरिक आयाम (वर्ग फुट में).....

(ii) समस्त बालकनी, कारीडोर, रसोई और भण्डार गृह का आंतरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप (वर्ग फुट में)..... ....

(iii) समस्त गैराज का आतरिक आयाम की एक चौथाई माप (वर्ग फुट में).....

टिप्पणी : स्नान गृह, शौचालय पोर्टिको और जीने द्वारा आच्छादित क्षेत्र कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

3–भवन का कारपेट एरिया (वर्ग फुट मे) =(i)+1/2 (ii) +1/4 (iii) वर्ग फुट

4–

(i) भूमि का क्षेत्रफल जिस पर भवन निर्मित है (वर्ग फुट मे).....

(ii) भूमि का क्षेत्रफल यदि उस पर कोई भवन निर्मित न हो (वर्ग फुट मे).....

5–(अ) भवन अवस्थित है।

(1) दस फुट से अधिक चौडाई भूमि (नियम 3) क्र0स0 1 से 7 तक ( )

(2) दस फुट से अधिक चौडाई मार्ग पर नियम 3 क्र0स0 4 ( )
(3) 6 फुट से 10 फुट के बीच मार्ग पर ( )
(4) 5 फुट से कम चौड़े मार्ग पर ( )

(ब) भवन के निर्माण की प्रकृति :

[1] पक्का भवन, आर0सी0सी0 छत या आर0बी0बी0सी0 छत सहित ( )
[2] अन्य पक्का भवन ( )
[3] कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन तो (1) और (2) से आच्छादित नही है ( )

(स) भूमि (यदि भूमि पर कोई भवन निर्मित नहीं है) अवस्थित है।

[1] दस फुट से अधिक चौडाई भूमि (नियम 3) क्र0स0 1 से 7 तक ( )
[2] दस फुट से अधिक चौडाई मार्ग पर (नियम 3) क्र0स0 8 ( )
[3] 6 फुट से 10 फुट के बीच मार्ग पर ( )
[4] 5 फुट से कम चौडे मार्ग पर ( )

टिप्पणी : कृपया उपर्युक्त 1, 2, 3 या 4 के खाने मे जो भी सही हो उसमें सही का निशान लगायें।

6–भवन स्वामी द्वारा अध्यासित है या किराये पर है। कृपया उनमे से किसी एक का उल्लेख करें।

टिप्पणी : यदि वह एक वर्ष से कम की अवधि से खाली है तो उसे स्वामी द्वारा अध्यासित समझा जायेगा। यदि वह एक वर्ष से अधिक की अवधि से खाली है तो उसे खाली उल्लिखित किया जायेगा।

7–भवन के निर्माण वर्ष.....

सत्यापन

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि स्वमूल्यांकन कर विवरण में प्रस्तुत किये गये ब्यौरे जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है ठीक और पूर्ण है। उक्त मूल्याकन मात्र कर सचय हेतु किया जा रहा है जिसका स्वामित्व से कोई सम्बन्ध नहीं है।

दिनांक.....

अभिस्वीकृति

अनुप्रमाणक साक्षी

हस्ताक्षार.....

हस्ताक्षर. .....

नाम. .....

पिता/माता का नाम.....

पिता/माता का नाम.....

पूरा पता.....

पूरा पता.....

अभिस्वीकृति

जिस व्यक्ति से प्रपत्र ''क'' एव ''ख'' प्राप्त किया उसका विवरण नीचे दिये गये हैं।

i- स्वामी/अध्यासी का नाम.....

ii- स्वामी/ अध्यासी के पिता का नाम.....

iii- भवन/मकान भू-भाग पर स्थित.....

iv- किसी भी व्यक्ति का नाम हो तो.....

v- अगर भवन पर नाम नही हो तो.....

vi- स्वामी/अध्यासी का स्थाई पता.....

नोट : इस प्रविष्ट का अंकन मात्र 'कर' सचय की दृष्टि से है।

दिनाक .

कर्मचारी हस्ताक्षर.....
नाम.....
पदनाम.....

बेदाना,
अध्यक्ष,
नगर पचायत, दोहरी घाट
मऊ।

कार्यालय, नगर पंचायत चिरैयाकोट, जनपद मऊ

लाइसेंन्सिंग शुल्क उपविधि

17 अक्टूबर, 2022 ई0

सं0 280/न0प0चिरैयाकोट मऊ/2022-223–नगर पचायत वि0/उपविधियॉ–सयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298(2) मे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पचायत चिरैयाकोट-मऊ में दुकानों व अन्य लाइसेन्सिग की नियमित एव नियन्त्रित करने हेतु निम्नलिखित उपनियम बनाये गये हैं। उपविधि पाण्डूलेखा नगर पालिका की धारा 301(2) के अन्तर्गत तैयार करके दिनांक 16 जून, 2021 को दैनिक समाचार-पत्र "राष्ट्रीय सहारा" व "दैनिक काशीवार्ता" में विहित रिति से तैयार करके प्रकाशित की गयी जिन व्यक्तियो पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना थी, उन व्यक्तियो से आपत्ति/सुझाव इस उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर आमत्रित किया गया था। निर्धारित अवधि के अन्दर एक भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुई।

अत: नगर पंचायत चिरैयाकोट-मऊ उक्त उपविधि का प्रकाशन अपने सीमा के अर्न्तगत लाइसेन्सिंग शुल्क वसूली हेतु प्रकाशित की जाती हैं। जो गजट मुद्रण दिनाक से प्रभावी होगी।

उपविधि

1–संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और प्रवृत्ति–(1) यह नियमावली नगर पचायत चिरैयाकोट मऊ की सीमान्तर्गत वाणिज्य नियत्रण लाइसेस व अन्य शुल्क उपनियमावली, 2021 कहलायेगी।

(ख) यह नियमावली सरकारी गजट मे प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

उपनियम

1–यह नियम नगर पचायत चिरैयाकोट–मऊ की सीमा के अन्तर्गत लागू होगे।

2 नियमावली में निर्धारित दरें धनराशि शुल्क के रूप में कार्यालय नगर पंचायत चिरैयाकोट में अदा करके लाइसेन्स प्राप्त कर लिया जायेगा।

3–लाइसेन्स शुल्क की अवधि प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी लाइसेन्स के नवीनीकरण हेतु प्रत्येक प्रार्थना-पत्र 15 मार्च तक दिया जायेगा और लाइसेन्स 15 अप्रैल तक जारी होगा।

4 लाइसेन्स शुल्क वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में देय होगी। लाइसेन्स के लिये दिये गये प्रार्थना-पत्र मे सम्पूर्ण विवरण स्थान विस्तृत पता दिया जाये।

5–नियमावली तालिका मे वर्णित मदों पर शुल्क लिये जाने की सूची तैयार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगर पचायत चिरैयाकोट–मऊ को है।

6–नगर पचायत चिरैयाकोट–मऊ के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाइसेन्स का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश कर सकते है।

7 अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी सभी लाइसेन्स निर्गत कर सकता है।

8 जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उन्हे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरूप लाइसेन्स शुल्क लिया जायेगा

9 इस उपविधि के अन्तर्गत कोई व्यक्ति जो उसके अन्तर्गत आते हैं। बिना शुल्क जमा किये दुकान नहीं चला सकेगा तथा पूर्व से चल रही दुकानो/व्यवसायों/मशीनरी आदि को निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इस नियम के प्रभावी होते ही पूर्व से प्रभावी लाइसेन्स उपनियमावली की शुल्को की दरे स्वत: ही निरस्त हो जायेंगी।

10–प्रत्येक व्यवसाय का लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा।

11–लाइसेन्स शुल्क निम्नानुसार तालिका के अनुरूप जमा करवाया जायेगा।

क्र0 सं0	मद	निकाय द्वारा निर्धारित वार्षिक लाइसेस की दरें	क्र0 सं0	मद	निकाय द्वारा निर्धारित वार्षिक लाइसेंस की दरें।
1	2	3	1	2	3
(A)	**होटल, रेस्टोरेन्ट व क्लब**	रु0	4	नर्सिग होम (20 बेड तक)	2,000 00
1	होटल लाजिंग हाउस, मैरिज हाल तथा गेस्ट हाउस 10 शैय्या तक	2,000 00	5	नर्सिग होम (20 बेड से ऊपर रु0 50 प्रति बेड तक)	3,000 00
2	तीन सितारा होटल	3,000 00	6	प्रसूति गृह (20 बेड तक)	3,000 00
3	पाच सितारा होटल	5,000 00	7	प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर)	5,000 00
(B)	**नर्सिग होम**		8	प्राईवेट अस्पताल	5,000 00
9	पैथालॉजी सेटर	1,000.00	44	भवन निर्माण स्वीकृत मानचित्र	–
10	एक्सरे क्लीनिक	1,000 00	45	स्कूटर, मोटर, साइकिल रिपेयर	500 00
11	डेन्टल क्लीनिक	1,000.00	46	स्कूटर,तीन पहिया रिपेयरिंग शाप	1,000.00
12	प्राइवेट क्लीनिक	500 00	47	साइकिल पार्टस व साइकिल विक्रेता	500 00
(C)	**परिवहन**		48	साइकिल मरम्मत की दुकान	100 00
13	ऑटो रिक्शा 2 सीटर	300.00	49	आटा चक्की, स्पेलर, धान मशीन आदि	200 00
14	ऑटो रिक्शा 7 सीटर (टैम्पो)	600 00	50	गन्ना, कोल्हू, आरा मशीन, धर्मकाटा	1,000 00
15	ऑटो रिक्शा 4 सीटर	500 00	**(F)**	**पेट्रोलियम**	
16	मिनी बस	1,000 00	51	दुकान तेल मिट्टी 100 गैलेन तक	500 00
17	बस	2,000 00	52	दुकान तेल मिट्टी 500 गैलेन तक	1,000 00
18	तागा	50.00	53	पेट्रोल पम्प, डीजल पम्प फुटकर विक्रेता	2,000.00
19	रिक्शा किराये पर	100 00	54	पेट्रोल पम्प, डीजल पम्प थोक विक्रेता	5,000 00
20	रिक्शा निजी चालित	100 00	55	जनरेटर डीजल प्रति नग	500 00
21	ठेला/ठेली	50 00	56	दुकान अन्य पेट्रोल उत्पाद	500 00
22	हाथ ठेला	20.00	(G)	अन्य	
23	बैलगाडी/भैंसा गाडी	50 00	57	गोदाम कबाड़/गूदड आदि	1,000 00
24	ट्राली	500.00	58	कोयला भट्टी	1,000.00
25	अन्य चार पहियो के वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन)	1,000 00	59	जूता बनाने का कारखाना/ अन्य कारखाना बड़ा	2,000.00
(D)	**अन्य व्यवसाय**		60	जूता बनाने का कारखाना/ अन्य कारखाना छोटा	1,000.00
26	धुलाई गृह (लाण्ड्री)	200 00	61	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, टाइल, मारबल, ईटा, बालू, हार्डवेयर, सेनेटरी फुटकर एव अन्य उद्योग	1,000 00

1	2	3	1	2	3
27	ड्राई क्लीनर	500 00	62	बिजली का सामान थोक विक्रेता	500 00
28	फाइनेंस कम्पनी, चिट फंड	2,000 00	63	बिजली का सामान फुटकर विक्रेता	200 00
29	इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	2,000 00	64	कपड़ा व्यापारी थोक	2,000 00
30	फाउन्डिग, इजीनियरिंग, इण्डस्ट्रियल	2,000 00	65	कपड़ा व्यापारी फुटकर	1,000 00
31	पशुवध (स्लाटर हाउस) प्रति पशु	20 00	66	बेकरी भट्टी	1,000 00
32	हड्डी खाल गोदाम	500.00	67	बेकरी पावर	1,000.00
33	बार/बियर	5,000.00	68	हेयर कटिंग सैलून छोटा (एक कारीगर)	100.00
34	आइस फैक्ट्री	500 00	69	हेयर कटिग सैलून छोटा (एक से अधिक कारीगर)	200 00
35	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	2,000 00	70	कुकिंग गैस सिलेण्डर फिलिग फुटकर विक्रेता	1,000 00
36	देशी शराब (प्रति दुकान)	5,000 00	71	जनरल मर्चेन्ट थोक	500 00
37	विदेशी शराब (प्रति दुकान)	8,000 00	72	जनरल मर्चेन्ट फुटकर	200 00
38	भैंसा मास की दुकान	1,000 00	73	टेलरिंग हाउस (01 से 05 कर्मचारी तक)	500 00
39	बकरा मास/मछली की दुकान	500 00	74	टेलरिंग हाउस (05 कर्मचारी से अधिक)	1,000 00
(E) **पशुपालन**			75	कोयला थोक विक्रेता	2,000 00
40	पशुपालन प्रति पशु	100 00	76	कोयला फुटकर विक्रेता	500 00
41	काजी हाउस मे बन्द जानवरों पर जुर्माना	500 00	77	पेन्ट की दुकान	500 00
42	प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर (बकरा आदि)	50 00	78	ज्वैलर्स बड़े (पाच लाख से अधिक से टर्नओवर)	2,000 00
43	प्रतिदिन खुराकी बडे जानवर (गाय, भैंस, घोड़े आदि)	100.00	79	ज्वैलर्स बडे (एक लाख से पाच लाख टर्नओवर)	1,000.00
80	डेयरी फार्म	2,000.00	99	टी0 वी0 इलेक्ट्रानिक की दुकान	500.00
81	भूसा थोक विक्रेता	500 00	100	मिठाई की दुकान	200 00
82	भूसा फुटकर विक्रेता	500 00	101	सब्जी/फल विक्रेता	100 00
83	वी0डी0ओ0 लाइब्रेरी	500 00	102	मसाले फुटकर विक्रेता	100 00
84	केबिल टी0बी0	1,000.00	103	मसाले थोक विक्रेता	200.00
85	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड, थोक विक्रेता	2500 00	104	फर्नीचर मरम्मतकर्ता	500 00
86	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड, फुटकर विक्रेता	1,000 00	105	फर्नीचर विक्रेता	1,000 00
87	टेन्ट हाउस बडा (एक लाख रुपया से अधिक लागत)	500 00	106	क्राकरी फुटकर विक्रेता	100 00
88	टेन्ट हाउस छोटा (एक लाख रुपया लागत तक)	100 00	107	क्राकरी थोक विक्रेता	500 00
89	थोक तम्बाकू विक्रेता	5,000 00	108	लाउड स्पीकर किराये पर (पाच सेट तक)	500 00
90	स्थाई तम्बाकू विक्रेता	1,000.00	109	लाउड स्पीकर किराये पर (पाच सेट से अधिक)	1,000.00
91	अस्थाई तम्बाकू विक्रेता	200.00	110	खराद मशीन लकडी	2,000.00
92	चाय की दुकान खोखा	500.00	111	आभूषण मरम्मतकर्ता	1,000.00

1	2	3	1	2	3
93	मीठा, चाय की दुकान पक्की बड़ी	500.00	112	जूता, चप्पल मरम्मतकर्ता	100.00
94	किताबों के थोक विक्रेता	2,200.00	113	ट्रान्सफार्मर बिजली (प्रति ट्रान्सफार्मर)	500.00
95	किताबों के फुटकर विक्रेता	1,000.00	114	प्रति पोल विद्युत्	100.00
96	लकड़ी के टाल थोक विक्रेता	500.00	115	सब स्टेशन (प्रति वर्ग फुट)	100.00
97	लकड़ी के फुटकर विक्रेता	100.00	116	प्रिटिंग प्रेस	2,000.00
98	रेडियो मैकेनिक	500.00			

विलम्ब शुल्क

- सभी दुकानों व कारखानों पर प्रतिमाह रु0 100.00 (एक सौ रुपया मात्र) विलम्ब शुल्क देय होगा।
- लाईसेन्स शुल्क की अवधि प्रतिवर्ष 01 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी।
- लाईसेन्स शुल्क वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में देय होगी।
- नगर पंचायत चिरैयाकोट-मऊ के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान लाईसेन्स का निरीक्षण कर सकते हैं।
- प्रत्येक दुकान का लाईसेन्स लेना अनिवार्य हैं।

विविध नियमावली

1—नगर पंचायत चिरैयाकोट निर्गत प्रमाण-पत्र पर (जन्म-मृत्यु को छोड़ कर) रु0 200.00 (दो सौ रुपया) मात्र प्रति प्रमाण-पत्र देय होगा।

2—नगर पंचायत सीमा में आयोजित नुमाइश/मेला/प्रदर्शनी निजी जमीन मकान आदि पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 5,000.00 (पॉच हजार रुपया) मात्र वार्षिक देय होगा।

3—नगर पंचायत सीमा में स्थित नाला/नाली/सड़क/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 500.00 (पाँच सौ रुपया) मात्र तक हो सकता है पुनरावृत्ति करने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) मात्र चार्ज किया जायेगा। बार-बार पुनरावृत्ति करने पर रु0 5,000.00 चार्ज किया जायेगा।

4—नगर पंचायत की दुकान/भू-खण्ड आदि का किरायानामा स्टाम्प अधिनियम के अनुसार रजिस्टर्ड कराना होगा।

5—नगर पंचायत स्वामित्व पर दुकान करने वाले व्यक्ति रु0 5.00 प्रति वर्ग फीट की दर से प्रतिमाह किराया देय होगा, जो सिर्फ भूमि का किराया माँगा जायेगा। युक्त नियम किसी प्रकार के स्वामित्व का निर्धारण नहीं करेगा।

6—नगर पंचायत सीमा क्षेत्र में यदि 10 वर्ष पूर्व से नगर पंचायत के स्वामित्व के किसी भूमि पर किसी प्रकार का कब्जा पाये जाने पर भू-सर्किल रेट से 10 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष जुर्माना देय होगा।

7—नगर पंचायत सीमा क्षेत्र में सेक्शन मशीन प्रति चक्कर मु0-3,000.00 एवं नगर के बाहर 5.00 किमी0 तक रु0 3,500.00 मोबाईल शौचालय नगर क्षेत्र के अन्दर 1,000.00 व नगर क्षेत्र के बाहर रु0 2,000.00 देय होगा।

8—नगर क्षेत्र के अन्दर जे0सी0बी0 हेतु रु0 1,000.00 प्रति घण्टा एवं नगर क्षेत्र के अन्दर ट्रैक्टर-ट्राली रु0 1,000.00 प्रति चक्कर देय तथा ट्रैक्टर लोडर नगर क्षेत्र के अन्दर रु0 800.00 प्रति घण्टा होगा। अग्रिम बुकिंग की स्थिति में किसी शासकीय आदेश/कार्य की दशा में बुकिंग निरस्त कर दी जायेगी।

9—वाहन सर्विसिंग/वाहन धुलाई शुल्क रु0 1,200.00 रुपये निर्धारित किया जाता है।

10—तंबाकू विक्रेताओं के लिए लाइसेंस/नवीनीकरण शुल्क थोक विक्रेता रु0 5,000.00, फुटकर स्थाई विक्रेता रु0 200.00 व गुमटी सहित अन्य अस्थाई विक्रेता रु0 100.00 प्रत्येक वर्ष देय होगा।

11—नगर पंचायत चिरैयाकोट-मऊ में बोर्ड प्रस्ताव के माध्यम से किराये का निर्धारण पाँच वर्ष में किया जायेगा।

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत यह आदेश देती है कि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों पर रु0 1,000.00 (एक हजार रुपया) तक का जुर्माना किया जा सकता है। यदि उल्लंघन बराबर जारी रखा तो प्रथम दोष सिद्ध के दिनॉक से रु0 25.00 (पच्चीस रु0 मात्र) प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना किया जा सकता है।

लीलावती,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, चिरैयाकोट,
जनपद मऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का पहले आरुष आर्य पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार नाम था। ज्योतिषाचार्य के अनुसार मैंने अपने पुत्र का नाम बदलकर लोकित सिंह पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार रख दिया है जिससे कि मेरे पुत्र का स्वास्थ्य और भविष्य उज्जवल हो सके। भविष्य में मेरे पुत्र को लोकित सिंह पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय।

धर्मेन्द्र कुमार।

सूचना

मेरे पुत्र अनन्त साहनी अनुक्रमांक 23126682 सरस्वती विद्या मंदिर सेकेन्ड्री रामबाग बस्ती से सन् 2021 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण है के अंकपत्र में माता का नाम जानकी देवी अंकित है, जो गलत है सही नाम जयंती पत्नी राकेश कुमार साहनी कानापार धानी फरेंदा है।

राकेश कुमार सहानी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 5101280 सर्टिफिकेट में गलती से माता का नाम RADHA GUPTA है जबकि सही RADHIKA GUPTA है। हिमानी गुप्ता पुत्री गणेश प्रसाद निवास राजपुताना उत्तर टोला, जिला मऊ।

HIMANI GUPTA.

सूचना

मैं यश मेहरोत्रा पुत्र पवन कुमार मेहरोत्रा नि0 बी-16, सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ का हूँ, मेरे हाई स्कूल 2014 रोल नं0-1394382 एवं इण्टरमीडियट, 2016 रोल नं0-1046134 (यू0पी0 बोर्ड) के अंक-पत्र में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश पवन मेहरोत्रा अंकित है भविष्य में मुझे यश मेहरोत्रा पुत्र पवन कुमार मेहरोत्रा के नाम से पढ़ा लिखा व जाना जाय।

यश मेहरोत्रा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे घर का नाम सन्तोष यादव पुत्र भइया राम यादव है। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम जितेन्द्र यादव पुत्र भइया राम यादव है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड में घर का नाम सन्तोष यादव अंकित हो गया है, उपरोक्त दोनो नाम मेरा ही है। भविष्य में मुझे जितेन्द्र यादव पुत्र भइया राम यादव के नाम से जाना व पहचाना जाये।

जितेन्द्र यादव,
पुत्र भइया राम यादव,
ग्राम मोकलपुर, पो0 गोबरहा,
थाना चौबेपुर, जिला वाराणसी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/s. Una Miricle Foods, 117/74 (A-13) Sarvodaya Nagar, Kanpur-208005 की भागीदारी फर्म के पार्टनर शिप डीड, दिनांक 01 सितम्बर, 2017 में 19 सितम्बर, 2022 में व 26 सितम्बर, 2022 से निम्न परिवर्तन हुए है–

1. यह कि M/s. Una Miricle Foods, 117/74 (A-13) Sarvodaya Nagar, Kanpur-208005 की पूर्व पार्टनर Shri Rahul Potdar, Adult son of Shri Rakesh Potdar, R/o 117/74, Sarvodaya Nagar, Kanpur की मृत्यु दिनांक 17 सितम्बर, 2022 को हो चुकी है।

2. यह उनके स्थान पर Smt. Mehak Potdar, Adult W/o Late Rahul Potdar, R/o 117/74, Sarvodaya Nagar, Kanpur को पार्टनर शिप डीड दिनांक 19 सितम्बर, 2022 में शामिल किया गया है।

3. यह कि Sanjhali Potdar, Adult Daughter of Shri Rakesh Potdar, R/o 117/74, Sarvodaya Nagar, Kanpur फर्म की साझीदार दिनांक 26 सितम्बर, 2022 को स्वेच्छा से रिटायर्ड हो गयी हैं।

4. यह कि वर्तमान में फर्म की साझीदारी दिनांक 26.09.2022 से फर्म की निम्नवत् है–

1. Shri Rakesh Potdar, Adult son of Late G. C. Potdar, R/o 117/74, Sarvodaya Nagar, Kanpur.

2. Smt. Mehak Potdar, Adult W/o Late Rahul Potdar, R/o 117/74, Sarvodaya Nagar, Kanpur.

Rakesh Potdar,
साझीदार,
M/s. Una Miricle Foods,
117/74 (A-13) Sarvodaya Nagar,
Kanpur-208005.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स बांके बिहारी बिल्डर्स, गर्वमेनट कोन्ट्रेक्टर्स एण्ड सप्लायर्स 24/764, गली छत्ता मस्जिद, पट्टी चौधरान, बडोत, जिला-बागपत-250611 की साझीदारी में श्री प्रफुल्ल गुप्ता एवं श्री नरेश कुमार साझीदार थे। दिनांक 30 सितम्बर, 2022 को श्री प्रमोद कुमार फर्म की साझीदारी सम्मिलित हुए हैं तथा श्री नरेश कुमार फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हुए हैं। संशोधित साझीदारी दिनांक 30 सितम्बर, 2022 के अनुसार श्री प्रफुल्ल गुप्ता एवं श्री प्रमोद कुमार साझीदार हैं। यह घोषणा करता हूँ कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

प्रफुल्ल गुप्ता,
साझीदार,
मेसर्स बांके बिहारी बिल्डर्स,
गर्वमेन्ट कोन्ट्रेक्टर्स एण्ड सप्लायर्स,
24/764, गली छत्ता मस्जिद,
पट्टी चौधरान, बडौत,
जिला बागपत-250611

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वीर इंजीनियरिंग वर्क्स मकान नम्बर संख्या 56 हर्ष नगर, सिविल लाईन्स रोड, रार्बट्सगंज, सोनभद्र (उ0प्र0) में कार्यरत सात पार्टनरों में से दो पार्टनर क्रमशः श्री राजीव शर्मा पुत्र स्व0 विधि चन्द्र शर्मा, निवासी रार्बट्सगंज, सोनभद्र व श्रीमती सुषमा शर्मा पत्नी राजीव शर्मा निवासी रार्बट्सगंज सोनभद्र अपनी स्वेच्छा से पार्टनरशिप छोड़ रहे हैं।

रवन्द्रि शर्मा,
पार्टनर,
वास्ते–वीर इंजीनियरिंग वर्क्स,
सोनभद्र।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता का घर का नाम लक्ष्मी है, जबकि उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड में मनोरमा अंकित है। त्रुटिवश मेरे हाईस्कूल सह-अंक-पत्र में मेरी माता का घर का नाम अंकित हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरी माता के ही हैं। भविष्य में मेरी माता को मनोरमा पत्नी शिव कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये। कुमार अर्पित पुत्र शिव कुमार, नि0 स्थान-3/477/13, आवास विकास कानपुर नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021।

कुमार अर्पित।

सूचना

फर्म मे0 नेशनल पोल्ट्री फार्म ग्राम दाऊदपुर कोटा, अलीगढ़ पत्रावली संख्या एजी-14984 में दिनांक 01 अगस्त, 2022 को श्रीमती आतिया सिद्दकी पत्नी श्री इबने अहमद सिद्दकी निवासी-म0न0 721 हादी नगर धौर्रा, माफी अलीगढ़ फर्म की भागीदारी से अपनी स्वेच्छा से पृथक् हुई वर्तमान में फर्म में भागीदार डा0 इकराम उल्लाह श्री रियाज मुहम्मद हैं।

डा0 इकरामउल्लाह,
साझेदार,
मे0 नेशनल पोल्ट्री फार्म,
ग्राम दाऊदपुर, कोटा, अलीगढ़।

सूचना

फर्म मे0 भगवती इण्डियन ऑयल 1666 गांव जरामई, जिला मैनपुरी, पत्रावली संख्या एमएआई-0010593 में दिनांक 22 अप्रैल, 2022 को द्वितीय पक्ष मोहन लाल गोयल पुत्र स्व0 जय नारायन गोयल, निवासी-मण्डी मोती गंज, मैनपुरी फर्म की भागीदारी से अपनी स्वेच्छा से पृथक् हुये वर्तमान में फर्म श्रीमती सौरभी गोयल के एकल स्वामित्व में संचालित रहेगी।

श्रीमती सौरभी गोयल,
साझेदार,
मे0 भगवती इण्डियन ऑयल,
1666 गांव जरामई, जिला मैनपुरी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भादीदारी फर्म मे0 प्रगति ट्रैक्टर्स, कोर्ट रोड, मैनपुरी जिला मैनपुरी में दिनांक 06 फरवरी, 2017 को फर्म के प्रथम भागीदार श्री सुभाष पाण्डेय पुत्र स्व0 गंगाराम पाण्डेय निवासी-रघुराजपुरी सिटी, मैनपुरी की मृत्यु होने के कारण उनके स्थान पर श्रीमती माधुरी पाण्डेय पत्नी स्व0 सुभाष पाण्डेय निवासी-रघुराजपुरी, कालीचरण रोड, मैनपुरी फर्म की साझेदारी में सम्मिलित हो गयी हैं। अब फर्म में श्री भुवनेश दुबे,

श्रीमती माधुरी पाण्डेय, श्रीमती मन्जू दुबे तथा श्री आर्नव पाण्डेय भागीदार हो गये हैं।

भुवनेश दुबे,
भागीदार,
मे0 प्रगति ट्रैक्टर्स,
कोर्ट रोड, मैनपुरी,
जिला–मैनपुरी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "विलियम ऑर्गेनिक", पता-प्लॉट नं0-50/2, शिव नगर लोहारी, तहसील स्वार, जिला रामपुर (यू0पी0) नामक फर्म में दिनांक 05 अक्टूबर, 2022 को फय्याज खान पुत्र श्री शकील खान, निवासी वार्ड नं0-14, इन्द्रा नगर, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड) व फिरदोश अहमद पुत्र श्री अख्तर अली, निवासी 108, मजरा हसन, आर्सल-पार्सल, जिला रामपुर रिटायर हो गये हैं तथा दिनांक 05 अक्टूबर, 2022 को श्री फिरासत अली पुत्र श्री असगर अली, निवासी मजरा हसन, आर्सल-पार्सल, जिला रामपुर शामिल हो गये हैं तथा रिटायर्ड पार्टनर की उक्त फर्म पर कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है तथा अब वर्तमान में तीन पार्टनर श्री युसूफ अली, श्री जालीस व श्री फिरासत अली रह गये हैं।

युसूफ अली,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "विलियम ऑर्गेनिक",
पता-प्लॉट नं0-50/2, शिव नगर लोहारी,
तहसील स्वार,
जिला-रामपुर (यू0पी0)।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै तान्या कश्यप मेसर्स वैष्णवी सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज, पता-109, महावीर पुरी, के0के0सी0 कालेज के पीछे हैदर कैनाल थाना हुसैनगंज, चारबाग, लखनऊ की पार्टनर शिप सम्बन्धित सूचना दिनांक 01 अक्टूबर, 2022 को उत्तर प्रदेश, साधारण गजट में प्रकाशित कराई गयी थी, जिसके त्रुटिवश अन्जू कश्यप के स्थान अंशू कश्यप मुद्रित हो गया है। जो गलत है। अंशू कश्यप की जगह अन्जू कश्यप पढ़ा व समझा जाय।

तान्या कश्यप,
डायरेक्टर,
वैष्णवी सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज,
पता-109, महावीर पुरी के0के0सी0,
कालेज के पीछे हैदर कैनाल,
चारबाग, लखनऊ।

NOTICE

I, Prafull Kumar Jaiswal S/o Late Murlidhar Jaiswal Residing at Dildarnagar, Ghazipur, U. P. I have changed my name from Praful Kumar Jaiswal to Prafull Kumar Jaiswal for all future purposes *vide* Affi. No. In-UP21324688097288U.

PRAFULL KUMAR JAISWAL,
Deponent.

NOTICE

This is to hereby inform that I J B Charan, legally wedded spouse of No. IC27952K Col. Bimal Kishore Charan.

I have change my name from JB Charan to Jyotsna Bimal Charan due to the mismatch between Pan card, Aadhaar card and PPO order.

Both names JB Charan and Jyotsna Bimal Charan pertain to one and the same person.

From now onwards I will be known as Jyotsna Bimal Charan for all future purposes.

Jyotsna Bimal Charan
W/o Col. Bimal Kishore Charan,
9-A Ram Vatika Colony,
15 New Civil Lines,
Bareilly (U.P.) 243001.

NOTICE

My name is mentioned in the School and College documents as Tamas Tiwari which has been changed to Sangam Tiwari S/o Manoj Tiwari R/o Maninath BOB ATM Toshavaas Bareilly. Now let me be known by the name Sangam Tiwari. In future I will be known as changed name.

TAMAS TIWARI.

पी0एस0यू0पी0–30 हिन्दी गजट–भाग 8–2022 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।